

# IKMG पत्रिका

## होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

IKMG LTD
Connecting people who care..

March, 2023 issue

21st edition

# Core Members



## Raj Khanna

Founder Chairman - IKMG

# Patrons



Kamla Seth

Patron



Rakesh Tandon

Patron



Shashi Mehrotra

Patron

# Advisory Council



Akhil Tandon

Member - Advisory Council



Suman Kapoor

Member - Advisory Council

# Directors



Amit Tandon

Director



Kunu Kapoor

Director & President – Kannauj



Mukul Varma

Director



## Paras Tandon
Director



## Sharad Mehrotra
Director



## Dr. Shonu Mehrotra
Director



## Varun Mehrotra
Director

# Presidents - India Chapters



## Dr. Anurag Mehrotra

President - Men's Wing - Kanpur




## Chhavi Mehrotra

President - Agra



## Dr. Kamal Dhawan

President - Women's Wing - Kanpur



## Jai Shree Khanna

President - Moradabad



## Kiran Batra

President - Jhansi



## Mala Mehrotra

President - Vrindavan & Mathura



## Mamta Sethi Bhamri

President - Meerut



## Mita Kakkar

President - Jaipur



## Neha Kapoor Mehrotra

President - Pilibhit



## Pankaj Mehrotra

President - Noida & Ghaziabad



## Prachi Kapoor

President - Mumbai



## Rachna Tandon

President - Women's wing - Lucknow



## Rajni Kapoor

President - Gurgaon & Faridabad



## Rajni Seth

President - Shahjahanpur



## Rakhi Chopra

President - Lakhimpur



## Ranjan Jalote

President - Varanasi



## Ravi Mehrotra

President - Bareilly



## Renu Mehrotra

President - Biswan



## Rohit Mehrotra

President - Prayagraj



## Sanjiv Mehrotra

President - Lucknow



## Santosh Kapoor

President - Aurangabad



## Shreyas Seth

President - Kolkata



## Shobhna Mehrotra

President - Sitapur



## Shubham Kapoor

President - Ramnagar & Kashipur



## Sourabh Tandon

President - Delhi



## Vimal Mehra

President – Jodhpur

# Presidents - International Chapters



## Anamika Khanna

President - Hongkong



## Anirudh Khanna

President - Germany



## Gaurav Mehrotra

President - USA



## Kanhaiya Mehrotra

President – Canada



## Priti Mehrotra

President – Australia

# Other office bearers



## Ankit Mehta

Vice President - Mussoorie & Dehradun



## Chander Mohan

Vice President - Ambala



## Darshana Khanna

Vice President - Moradabad



## Kanak Mehrotra

Vice President - Australia



## Keshav Baijal

Vice President - Lucknow



## Kuldeep Arora

Vice President - Vrindavan



## Laxmi Khanna

Vice President - Women’s wing - Kanpur



## Meghna Khanna

Vice President - Shahjahanpur



## Naresh Burman

Vice President - Mathura



## Nayan Mehrotra

Vice President - Youth Wing and
Gurgaon & Faridabad



## Pawan Mehrotra

Vice President - Agra



## Rahul Wahal

Vice President - Mumbai



## Reena Mehrotra

Vice President - Kannauj



## Rina Burman

Vice President - Kolkata



## Ruby Puneet Bhalla

Vice President - Biswan



## Sapna Kakkar

Vice President - Lakhimpur



## Suchita Kacker Meena

Vice President – Delhi



## Utkarsh Mehrotra
Vice President - Varanasi



## Vikas Kapoor
Vice President – Jodhpur



## Pashupati Tandon
Treasurer - Noida & Ghaziabad



## Poonam Tandon
Treasurer - Shahjahanpur



## Rachna Mehrotra
Treasurer - Kannauj



## Rama Kant Tandon
Treasurer - Lucknow



## Manju Mehrotra

Secretary - Kannauj



## Raj Kapur

Secretary - Noida & Ghaziabad



## Sachin Kapoor

Secretary - Bareilly



## Sanjay Tandon

Secretary – Lucknow



## Jayant Mehrotra

Mentor - Mumbai



## Savita Chopra

Mentor - Lakhimpur

# From the Chairman's desk

## Writer: Mr. Raj Khanna, London

Hello Everyone.

There's a thought dwelling in my mind for quite a lot time. For a long time I was searching the true essence of unity in our organisation. I knew that our work is good, but we needed that sense of togetherness. And finally we found the moment and it was our Global Meet 2023.

It was a fantastic trip to India and everyone was so warm and didn't feel like I was meeting most of them for the first time. The beloved Agra team hosted us in a way that one could only imagine. Dr. Shonu Mehrotra - Director IKMG ltd, Chhavi Mehrotra and Pawan Mehrotra, Amit Mehrotra and all the other members who dedicated themselves to host all the units.

Lakhmipur Unit which was led by Savita Chopra Ji (Mentor), Rakhi Chopra (President) and Sapna Kakkar Vice President, Rashmi

Mahendra, Sanjeev Chopra and Anjul Jalota also gave wonderful presentations.

Kanpur Unit with a fantastic representation by Patron Shashi Mehrotra, Director Varun Mehrotra, Presidents Dr Anurag Mehrotra (Mens Wing) and Dr. Kamal Dhawan, Lakshmi KhannaVice President Women's wing , Respected Uma Tandon, Anchal Gupta Mehrotra and Neeta Kapoor, Dr. Sapna Mehrotra also discussed their achievements.

Moradabad Unit got together and told us about their work in their unit. Jai Shree Khanna President Moradabad Unit, Darshna Khanna Vice- President, Sonia Khanna, Ashu Bagai everyone got together and shared precious moments.

Delhi President Sourabh Tandon and Vice President Suchita Kacker Meena with her Respected mother Mrs Sudha Kacker and Ashok Marwah also added meaning to the event.

Gurgaon Unit : Director Sharad Mehrotra, Mallika Mehrotra with their two daughters were avid participants of the event and uplifted our spirits. Sharad is our chief editor of IKMG Patrika.

Noida: Director Mukul Varma, President Pankaj Mehrotra and Secretary Raj Kapoor were also present among us. All were active from arrival

Lucknow Unit: Akhil Tandon (Bhai) MAC, Mrs Nishi Tandon, Paras Tandon (Director IKMG), Rachna Mukesh, Ramakant Tandon (Treasurer). All added value by being present and actively involved

Mumbai : Vice President Rahul Wahal made efforts and one could see excitement of this young Lad

Varanasi: Mr. Punit Mehrotra, Advisor and Coach to Mr. Raj. He's an International coach who has transformed many lives.

New Zealand - Mrs. Suman Kapoor MAC,our biggest motivator. She's been always there for us no matter her time zone. Her foot is the first one to lead in any event.

Jhansi - President Mrs Kiran Batra and Mr. Neeraj Batra were very active during the meeting. Discussed lot of things in person for betterment

Meerut: Mamta Sethi President with her Husband Mr. Jitendar and Family. Mama'ya is always active but it was pleasure to see even Jitendra being active.



There were some delightful performances prepared by the beloved members of the Agra Unit. The event was not only fun, it was the moment of our lives. Be it Puneet Mehrotra, Dr Anurag Mehrotra and ShyamJi Shekhar who were singing their hearts out, be it our ladies who stole the stage or be it Me, who danced after a very long time! Lakhimpur and Agra dances were true treat.
A fantastic post dinner Antakshari just lifted our spirits even higher.

I am glad we could do something like this. It gave us new hope and diréction to keep doing work which continues to add meaning to people's lives. I am glad I've got you guys as my team.

Love, Blessings and Regards

Raj Khanna

Mr. Raj khanna is the Founder Chairman of IKMG and resides in London. He is committed to social service, philanthropy and well being of the society.



# Table of Contents / विषय  सूची


| S. No. | Content | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | होली के रंग अपनों के संग | 24 |
| 2 | ग़ज़ल | 26 |
| 3 | कर्म ही ऊपर जाएंगे | 28 |
| 4 | गिलहरी का अनीति से युद्ध | 30 |
| 5 | बुद्ध ग्रह - स्वभाव और विशेषताएँ | 33 |
| 6 | ये क्या हो रहा है ? | 39 |
| 7 | मैं | 42 |
| 8 | बाल विवाह अभिशाप है | 44 |
| 9 | गिलहरी | 50 |
| 10 | सच्ची बातें | 52 |
| 11 | Dil Se Talks - Kuch Dil Ki Baatein | 55 |
| 12 | Kitchen Tales | 64 |

# होली के रंग अपनों के संग

लेखिका - कु. शालू मेहरोत्रा, सीतापुर

1- होली ही एक अवसर है जो कई बिछड़ों को मिलाता है और उन्हें एक नयी शुरुआत का बहाना देता है।

2- होली में किसी को रंग लगाने से ज्यादा अच्छा है किसी की उदास बेरंग जिन्दगी में खुशियों के रंग भरे जाएँ।

3- यदि जीवन में ग़मों का अँधेरा हो तो होली के रंग भी बेरंग लगते हैं। जरूरत रंगों की नहीं प्रकाश की होती है, जिसमें रंगों का अस्तित्व होता है। जिससे रंगों की पहचान होती है।



4- रंग लगाकर अपनापन जताना, रंग लगाकर सब गिले शिकवे भूल जाना, रंग लगाकर ख़ुशी का इजहार करना। होली का तो उद्देश्य ही है सब के जीवन में रंग भरना।

5- होली सिर्फ रंगों का ही त्यौहार नहीं, ये त्यौहार है भाईचारे, अपनेपन और प्यार का।

6- होली पर सबको रंग लगायें, बाकी दिन सबके जीवन में प्यार का रंग भरें।

7- इस होली पर प्रयास करें कि कुदरत में भी रंग भरे जाएँ, आस-पड़ोस साफ़ रखें और एक पेड़ लगायें।

8- होली के रंग बस रंग ही नहीं होते, इनमें होती हैं कुछ यादें, किसी की कही बातें और होलिका दहन की कुछ बीती हुयी रातें।

9- होली के त्यौहार में बस रंगों का ही नहीं मीठे पकवानों का भी बहुत महत्व है। जो हमें दूसरों के जीवन में प्यार की मिठास भरने के लिए प्रेरित करते हैं।

10- होली पर किसी को रंग लगायें या न लगायें लेकिन किसी की बेरंग जिन्दगी में रंग भरने का प्रयास जरूर करें।

Ms. Shalu Mehrotra resides in Sitapur and writes poems as her hobby. Self motivation, hard work and honesty are her sources of strength.



# गज़ल

## लेखिका - श्रीमती ऋतु अग्रवाल, मेरठ

सागर का पानी खारा देखिए

ज्वार भाटे का नजारा देखिए।

थाम जो माँ-बाप की उंगली चला

छोड़ जाता वो दुलारा देखिए।

ना रहे गर एकजुट मिट जाएँगे

कर रहा है वक्त इशारा देखिए।

जो करो संधि नहीं फिर तोड़ना

व्यापार में होगा ख़सारा देखिए।

आन मेरे देश की महफ़ूज़ है

मारते सैनिक तमाचा देखिए।

ना जलाना शोक में मोमबत्तियाँ

लड़कियों  को दे कटारा देखिए।

जागिए और सोच को लीजै बदल

लड़कों की भी बाँध सीमा देखिए।

Mrs. Ritu Aggarwal resides in Meerut.  She is a well trained culinary artist and is learning classical music.



# कर्म ही ऊपर जाएंगे

लेखक - श्री मनोज पुरी, ग्रेटर नोएडा

स्वर्ग यहीं है नर्क यहीं है, यहीं तजोगे तुम काया,
अंत समय तक समझ सका न, कुदरत की इंसा पर माया।

खुद रह कर भ्रम में जीवन भर, औरों को संग में भरमाया,
प्रभु भक्ति मे मन उसका, लेकिन कम ही रम पाया।।

मन और तन दोनो की ही, आवाज़ नहीं वो सुन पाया,
मन को तो पुनः पुनः, हरदम ही उसने ठुकराया।

अहंकार और क्रोध ने उसको, समय-समय पर चेताया,
लेकिन फिर भी बोल जबां के, मीठे कहां वो कर पाया।।

रोग यहीं हैं भोग यहीं है, जीवन इक संयोग यहीं है,

आस यहीं विश्वास यहीं है, क्या होगा आभास यहीं है।

घृणा, प्रेम मन से होतें हैं, नयन फिर आंसू क्यों खोते हैं,

बीत गया जो हाथ न आए, समय की ठोकर इंसा खाए।।


मान गया सम्मान गया सब, भ्रष्ट हो बुद्धि ज्ञान गया सब,

जो बोया बस वही मिलेगा, फूल हमेशा कहां खिलेगा।

कर्म तुम्हारे ही जीवन के, आगे की राह दिखाएंगे,

और नहीं कुछ साथ में तेरे, कर्म ही ऊपर जाएंगे।।

श्री मनोज पुरी ‘केन्द्रीय राजस्व नियन्त्रण सेवा ' के सेवा निवृत्त राजपत्रित अधिकारी हैं जिनकी कविताओं का संग्रह- 'अंजुमन' काव्य जगत में चर्चित रहा है तथा वे कई स्थानों पर पुरस्कृत व सम्मानित हुए हैं। आप पिछले ५० वर्षों से अधिक योग से जुड़े हैं व ३५ वर्षो से अधिक योग प्रशिक्षक के रूप में समाज सेवा कर रहें हैं।



# गिलहरी का अनीति से युद्ध

लेखक - श्री पवन मेहरोत्रा, आगरा

राम रावण युद्ध की तैयारी का सारा दृश्य एक पेड़ पर बैठी हुई गिलहरी देख रही थी। रावण की अनीति और सीता हरण की गाथा भी उसने सुन रखी थी। इस धर्मयुद्ध में वह राम की विजय के लिये सृष्टि से प्रार्थना कर रही थी।

सद्भाव और प्रार्थना ही तो सब कुछ नहीं है। पुरुषार्थ भी तो सत्प्रयोजन में करना चाहिए। रीछ, वानर तक जब अपनी जान की बाजी लगा रहे थे तो गिलहरी ने सोचा उसे भी तो अपनी सामर्थ्य के अनुरूप कुछ करना चाहिए। यही चिंतन उसके मन में चल रहा था। सीता को रावण के हाथ से छुड़ाने के लिए गिद्ध जटायु अपने प्राण दे चुका था। अनीति करने वाले दानव से लड़ना अपनी जान को जोखिम में डालना है ! जटायु अपनी और रावण की शक्ति के अन्तर को जानता था तो भी वह लड़ा, उसने कायरता नहीं दिखाई। अन्याय देखते रहने की अपेक्षा अनीति से जूझने में उसने आदर्श का परिपालन समझा और रावण से लड़ते हुए ही अन्ततः जटायु ने अपने प्राण दिये।

गिलहरी को यह आदर्श मन को अच्छा लगा । सोचने लगी, वह भी इस धर्म युद्ध में सहयोग देने के लिए पीछे न रहेगी, भले ही वह योगदान स्वल्प ही क्यों न हो।

गिलहरी को एक सूझ सूझी। वह लंका पहुँचने तक का रास्ता बनाने के लिए समुद्र को उथला बनाने की बात सोचने लगी। बालों में बालू भरती और उसे समुद्र में झाड़ देती। लगातार वह इसी काम में लगी रहती। शरीर छोटा था। साधन स्वल्प थे। पर उसकी हिम्मत अटूट थी, जो बन पड़े सो नीति के समर्थन में करना ही चाहिए। यह लगन उसे पूरी तरह लगी हुई थी।

गिलहरी का पुरुषार्थ आश्चर्यजनक था। राम की दृष्टि उस पर पड़ी। साधन स्वल्प, पर पुरुषार्थ महान। भला भगवान को कैसे ये मालूम न पड़ता, यह दृश्य देखकर राम पुलकित हो उठे।

उन्होंने गिलहरी के समीप जाकर उसके साहस को देखा और भावपूर्वक उसे हाथ में उठा लिया। हथेली पर बिठाया और दूसरे हाथ की उंगलियाँ अत्यन्त स्नेहपूर्वक उसकी पीठ पर सहलाने लगे। गिलहरी ने भी अपने को धन्य माना। वह छोटी है तो क्या पर उसकी हिम्मत और भावना तो ऊंची मानी गई, सराही गई।

राम सांवले थे, उनकी उंगलियाँ भी वैसी ही थी। पीठ पर हाथ फेरते रहने से गिलहरी की पीठ पर काली धारियाँ बन गई। कालांतर में उसके वंशजों की पीठ पर वह काली धारियाँ बनती चली आई। राम (धर्म ) के प्रति कृतज्ञता का चिन्ह उस वर्ग के प्राणियों की पीठ पर अभी भी अंकित पाया जाता है।

माना जाता है कि यह तीन रेखाएं राम, लक्ष्मण और सीता की प्रतीक हैं।


श्री पवन मेहरोत्रा आगरा के निवासी हैं और एक कुशल वास्तु व अंकशास्त्र विशेषज्ञ हैं I



# बुद्ध ग्रह - स्वभाव और विशेषताएँ

## लेखिका - श्रीमती शोनू  मेहरोत्रा, आगरा

सौरमंडल में सबसे छोटा ग्रह बुध है। बुध ग्रह को ग्रहों का राजकुमार माना जाता है। बुध ग्रह सूर्य के सर्वाधिक निकट है। बुध ग्रह को बुद्धि का देवता माना गया है। यह दिस्वाभावक ग्रह है। काल पुरुष कुंडली में मिथुन व कन्या राशि पर बुध ग्रह का अधिकार है। यह कन्या राशि में उच्च के व मीन राशि में नीच के होते हैं। यह 15 अंशों पर परम उच्च और नीच का होता है। यह उत्तर दिशा का स्वामी है। सूर्य व शुक्र इसके मित्र हैं लेकिन मंगल और चंद्रमा से शत्रुता रखता है। बृहस्पति और शनि इसके सम ग्रह है। बुध महादशा 17 वर्ष की होती है। यह हरित वर्ण के हैं। बुध प्रभावित व्यक्ति हंसना, बोलना व मजाक करना पसंद करते हैं। नसों का कारक बुध है। बुध सफल व्यापार करने की क्षमता प्रदान करते हैं। बुध त्वचा का प्रतिनिधित्व करते हैं। बुद्ध ग्रहण करने की क्षमता है। बुध ग्रह व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में ढलने की कला देता है।

व्यापार, बहन, बुआ, अकाउंट, गणित, ज्योतिष विद्या बुध में ही निहित है। बुध ग्रह अपने गुणों के साथ-साथ जिस ग्रह के साथ बैठता है उसके भी फल प्रदान करता है। यह छोटा सा ग्रह है लेकिन तेज तर्रार ग्रह। राहु व मंगल इनकी राशियों के कारक व उच्च के होते हैं। सूर्य ग्रह का सबसे प्यारा बच्चा बुध है। ज्योतिष में 27 नक्षत्रों में से बुध को आश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती नक्षत्र का स्वामित्व प्राप्त है। ऐसे लोग जिनका बुध बली होता है, वे संवाद और संचार के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं। बुध से प्रभावित जातक हास्य विनोद प्रिय होते हैं। ऐसे लोग बुद्धिमान, कूटनीतिज्ञ और राजनीति कुशल होते है। इनकी शरीर में नसें साफ झलकती हैं। बुध ग्रह शिल्प कला व हुनर का पारखी बनाता है।

स्वग्रही होने पर कवि, मूल त्रिकोण में ऐश्वर्यशाली,मित्र ग्रह होने पर उन्नतशील तथा नीच राशि में बंधुओं का विरोधी व शत्रु राशि पर होने पर व्यभिचारी और दुखी बनाता है। बुध काव्य, पठन पाठन, लेखन कार्य, साहित्य सलाहकार,पत्रकारिता, अकाउंटेंट, वकील आदि का द्योतक है। ये बहुत बोलने वाले होते हैं। खेलों में इनकी विशेष रूचि होती है। बुध एक तीव्र  चलने वाला ग्रह है। बुध प्रधान जातक त्वरित, जल्दी ग्रहण करने वाले व बौद्धिक रूप से प्रगतिशील होते हैं। बुध ग्रह को पुरुष व नपुसंक ग्रह मानते हैं। बुध के प्रभाव से व्यक्ति में हर कार्य को जल्दी करने की आदत देखी जाती है। बुद्ध मामा और मातृ कुल के संबंधों का भी कारक हैं। गोद ली हुई संतान बुध के  अंतर्गत ही आती हैं।

बुध ग्रह सूर्य के साथ ज्यादातर देखा गया है। यह सूर्य से या तो एक घर आगे या एक घर पीछे ही रहता है। बुध सूर्य के साथ अस्त अवस्था में ही रहते हैं लेकिन अस्त होने पर इनके प्रभाव में कोई विशेष अंतर नहीं होता है।

## प्रत्येक भाव में बुद्ध का प्रभाव

1. पहले भाव में बुध की स्थिति शुभ मानी गई है। बुध को यहां पर दिग्बल बल प्राप्त हो जाता है। ऐसा जातक बुद्धिमान, विद्वान गणितज्ञ, कवि, लेखक, ज्योतिषी हो सकता है। वह धर्म के अनुसार आचरण करता है तथा दयालु और परोपकारी भी होता है।
2. द्वितीय भाव में जातक पिता का आज्ञाकारी व बुद्धि से धनार्जन करता है। खाने पीने का बहुत शौकीन तथा विनोद प्रिय होता है।
3. तृतीय भाव में बुद्ध मिलाजुला फल देता है। ऐसा जातक साहसी तथा कठोर परिश्रमी होता है। धार्मिक गुरुओं का आदर करने वाला होता है।
4. चतुर्थ भाव का बुद्ध शुभ फलदायक होता है। जातक को अपार भौतिक सुख साधन दिलाता है। वह जातक को चतुर व बलवान भी बनाता है। यदि चतुर्थ भाव पापा क्रांत नहीं है तो जातक अपार धन संपदा व अनेक मित्रों वाला होता है।

5. पांचवें भाव में बुद्ध शुभ फलदायक है। वह जातक को विवेकशील, काव्य प्रिय, विद्वान और कर्मकांडी बनाता है। छठे भाव में बुध शुभ-अशुभ स्थिति के अनुसार अपना मिलाजुला फल देता है। जातक विद्वान, विनोदी परंतु विवाद प्रिय और चरित्रहीन होता है।

6. बुद्ध छठे भाव में हो तो जातक शारीरिक दुबलापन वाला, आलसी तथा शत्रु द्वारा पीड़ित होता है परन्तु जातक शत्रुजयी तथा शत्रुओं को वश में रखने वाला होता है। जातक लोक-विरोधी, स्वरोदय शास्त्र तथा प्राणायाम क्रिया का प्रेमी, सन्यासियों के साथ ज्ञानचर्चा करनेवाला, अपने धन को सत्कार्य में खर्च करने वाला स्वपराक्रम से धन कमाने वाला होता है। ऐसा जातक बहुमित्र युक्त, चतुर, सुन्दर, कमाने वाला, आलसी, दुष्ट-स्वभाव वाला, नौकरों से त्रास पाने वाला, लेखन तथा मुद्रण कला से धन लाभ पाने वाला, मानसिक-व्याधियुक्त, क्षय अथवा श्वास रोगी, हाथ-पाँव में रोग वाला, किंचित अभिमानी, अर्द्ध शिक्षित, निष्ठुर, धूर्त, कलह-प्रिय, कटुभाषी, राज्य से सम्मानित, विवेकी, पत्रादि लेखन में कुशल तथा अनेक शत्रुओं वाला तथा वैद्यक-शास्त्र सम्मत भोजन करने वाला होता है ।

7. सप्तम भाव में बुद्ध शुभ फलदायक होता है। जातक कला प्रेमी होता है। जातक की पत्नी उच्चस्तरीय परिवार से संबंधित होती है। वह वस्त्रों एवं भोजन आदि का शौकीन होता है।

8. अष्टम भाव में बुध शुभ फलदायक है। जातक दीर्घायु, प्रसिद्ध, धनवान, सत्यप्रेमी, राजा की तरह प्रभुता संपन्न और सेनापति जैसा होता है। जातक बड़े भूखंडों का स्वामी होता है।

9. नवम भाव में बुद्ध बहुत अच्छे फल देता है। वह जातक को कूटनीतिज्ञ, सदाचारी, वक्ता, धर्मनिष्ठ, धनवान, विद्वान बनाता है। संगीत, साहित्य धर्म आदि के प्रति रुचि रखने वाला तथा किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित करने में सक्षम होता है।

10. दशम भाव में बुद्ध शुभ फल दायक है। ऐसा जातक धनवान, बुद्धिमान, माता-पिता की सेवा करने वाला होता है तथा जीवन में अनेक सफलताएं प्राप्त करता है। जातक की स्मरण शक्ति तीव्र होती है।

11. एकादश भाव में बुद्ध जातक की शास्त्रों के प्रति रुचि बढ़ाता है व जातक पवित्र कार्य करने वाला तथा अनेक स्त्रोतों से धन अर्जन करने वाला होता है।

12. द्वादश भाव में बुद्ध दूसरों की मदद में प्रसन्नता का अनुभव करने वाला तथा अपने वचन का पालन करने वाला होता है। अवसर का लाभ न उठा पाने वाला और उदासीन भी होता है। बुद्ध शिक्षा का कारक है अतः यह स्थिति शिक्षा के लिए अच्छी नहीं है इससे शिक्षा में बाधाएं आती हैं।

बुद्ध  का रत्न पन्ना है, बुद्ध ग्रह के अच्छे फल के लिए दुर्गा सप्तशती का पाठ करें । गणेश जी की आराधना करें। तुलसी में दीपक जलाएं।




Dr. Shonu Mehrotra resides in Agra and is an astro, Vastu, numerology & occult science expert. She is a social activist and runs an NGO called Sharan Sewa Samiti.



# ये क्या हो रहा है ?

## लेखिका - श्रीमती नीलम टंडन, आगरा

ये तरक्की के दौर मे क्या हो रहा है?

हजारो पेड काट कर सड़के बना रहे हैं , और

GO GREEN,  का नारा लगा रहें हैं ।

ये तरक्की के दौर मे क्या हो रहा है ?

गगनचुम्बी अट्टालिकाएँ बना रहें हैं

और  ऊंचे ऊंचे पहाड़ दरक रहें हैं।

हर व्यक्ति मोबाइल पर व्यस्त है

पर दुनिया की भीड़ में बहुत अकेला है।


तरक्की के दौर मे क्या हो रहा है?

महिलाएं,  असम्भव को सम्भव कर रहीं हैं,

जहाज उड़ा रही हैं, हिमालय पर चढ़ रही है ।

पर , रसोई और परिवार से दूर हो रहीं हैं।

आखिर यह क्या हो रहा है?



Mrs. Neelam Tandon resides in Agra. She is a thinker, social activist and a writer.

# IKMG Patrika

## Invites our own writers

*for*

## April edition

Stories | Poems | Recipes | Artwork | Thoughts

Pls. send your entries latest by March 15, 2023

Entries should be sent in word format only (**not more than 1500 words**) along with your brief introduction and a pic.

*In case any article/story is more than 1500 words, we will either split it in two editions or will not be able to carry it!*

*Keep writing; keep shining; keep smiling*

sharadmmehrotra@gmail.com
9958363661

# मैं

लेखिका - श्रीमती आकांक्षा टंडन कपूर, आगरा

शुक्रगुजार है हर शख़्स ईश्वर की इस रचना पर,
जिसे सबसे सुंदर संबोधित किया गया इस धरती पर।
मां-बाप की उंगली पकड़ कर सीखा उसने चलना,
उनके शब्दों से सीखा हर शब्द बोलना।
जैसे-जैसे बड़ा हुआ सीखी एक नई भाषा,
उस भाषा में एक शब्द था जिसने बदल दी जीवन की परिभाषा।
मां के आंचल से बाहर निकल कर,
बैठा है अब वह पिता के पद से भी ऊंचे पद पर।
खुद के लिये कहता है मैं, मैंने, मेरा या मुझमें,
और भूल चुका है कहां से आया यह सब उसमें।
"मैं" के इस अहंकार से कांपती थी उसकी रूह भी,
क्योंकि मेरा मुझमें कुछ नहीं सिखाया था उसकी मां ने भी।

फिर भी तरक़्क़ी की उस सीढ़ी पर ना रुक रहे थे कदम,
मन ही मन सता रहा था कहीं तन्हा खो जाने का गम।

समय बीत गया न रहा कोई साथ,
जिन मां-बाप ने जन्म दिया वह भी कभी का छुड़ा चुके थे हाथ।
अब बस मुझमे ही मैं, मैं ही मुझमें रह गया,
वह चमकता सूरज भी उम्र की मार से ढह गया।

जब भाषा के मैं और स्व रचित मैं का भेद समझ आया,
तब दोनों ही मैं को उसने अपने ही आँसुओं मे बहता पाया।



Mrs. Akanksha Tandon Kapoor resides in Agra. She is a company secretary by profession and loves to pen down her thoughts in her leisure time.

# बाल विवाह अभिशाप है

लेखिका - डॉ सुमन मेहरोत्रा, मुजफ्फरपुर

बाल विवाह कुप्रथा का होगा अब अंत,
अब न होने देंगे बाल विवाह सबका मंत।

बगिया की ये कच्ची कलियां, यौवन अधूरा,
अभी समय है इनके बढ़ने का, सपन करें पूरा।

रुढ़िवादी, अज्ञानी, करा रहे हैं बाल विवाह,
उदार, ज्ञान के प्रसार से मिटेगा यह कुप्रभाव।

शिक्षा के दम पर ही बाल विवाह का विरोध हुआ,
कर्मवीर, परमवीर बनेगी बेटियां, सम्मान हुआ।

दहेज के लोभियों को दी जायेगी सजा,
शिक्षा के अभियान का तभी ले पायेंगे मजा।

बाल विवाह की कितनी घिनौनी है कुप्रथा,
आवाम सरकार के सहयोग से हो जायेगी वृथा।

पढ़ लिख कर संस्कारी बनेंगी जब बेटियां,
अपनी योग्यता, हुनर से छू सकेंगी चोटियां।

देश का नवनिर्माण, देश का कल्याण हो,
बाल विवाह की दुर्भावना का विनाश हो।

डा० सुमन मेहरोत्रा करीब चालीस वर्षों तक निजी स्कूलों में सम्मानित शिक्षिका पद पर प्रतिष्ठित रहीं । आपकी रुचि, पठन, पाठन, लेखन, सिलाई, कढाई आदि में है एवं आपकी कविता, लेख, कहानी, समीक्षा विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं।





VIVAAH
Shubbhvivaah Is Up And Running!
Register Now
To Embark On Your Journey Towards A Happy Married Life
www.shubbhvivaah.com
Download Now
App Store
Google Play



VIVAAH

*Shubbhvivaah.com is pleased to announce the alliance of*
**Dear Akshay Seth**
**S/O Sh. Sanjay Seth**
**and**
**Smt. Nishi Seth.**
*with*
**Dear Saniya Makkar**
*D/O Sh. Bhushan Makkar,*
*Smt. Seema Makkar*
*Congratulations to both the families*

**www.shubbhvivaah.com**



Shubbhvivaah.com is pleased
to announce the alliance of
**Dear Manish Chopra**
S/O sh. Anil Chopra,
Smt. Naina Chopra
with
**Dear Nidhi Gupta**
D/O Sh. Lalit Gupta,
Smt. Vandna Gupta
Congratulations to both
the families

**www.shubbhvivaah.com**


VIVAAH
Love isn't found, it's built.
Register for free
shubbhvivaah.com
And so together they built the life they loved

# गिलहरी

## लेखिका - श्रीमती पूनम टंडन, शाहजहाँपुर

छोटी सी गिलहरी तुम अपने झबरेदार पूंछ को आसमान की ओर उठाएं इस पेड़ से उस पेड़ पर छलांगें लगाते हुए बहुत प्यारी लगती हो। मैं तुमको अक्सर देखती रहती हूं पर तुम कहां से इतनी ऊर्जा लाती हो ?

शायद तुम्हारा आह्लाद है जिसने तुमको इतना क्रियाशील व तेज बनाया है। नहीं है तुममें मानवीय विद्वेष की भावना और न ही है घृणा व बदले की भावना।

तुम हमेशा खुश रहती हो और यही टानिक तुम्हें हर वक्त कूदने फांदने को उकसाता रहता है,

मुझे तुम्हारी यही अदा बहुत पसंद हैं।

जब तुम अपने पैरों के बीच छोटा सा अमरूद लेकर अपने नन्हें नन्हें पैने दांतो से उसे कुतर लेती हो

जैसे भगवान हनुमान बाल सूरज को अपने हाथों में लेकर मुंह में रखने को तैयार बैठे हों।

तुम मुझे यहां वहां फुदकती बहुत ही सुन्दर लगती हो।

कभी कभी कहीं अपने को फंसाकर किट किट की आवाज भी करती हो जो बहुत ही मनभावन होती है।

इसलिए ऐ प्यारी छोटी गिलहरी तुम्हें अपलक निरन्तर हमेशा नित्य निहारना बहुत पसंद है,

तुम मेरी बहुत पसंदीदा हो।

तुम्हारे शरीर पर पड़ी लाइनों को देखकर तुमसे मैं बहुत प्यार भी करती हूं।

तुम जैसी ऊर्जावान से यह सीख मिलती है कि प्रत्येक मनुष्य को हमेशा ऊर्जावान होना चाहिए।

Mrs. Poonam Tandon resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems in her leisure time.



# सच्ची बातें

## लेखिका - श्रीमती रजनी सेठ, शाहजहाँपुर

1- कोइ भी रिश्ता हमारे जीवन में एक ही पहलू को नहीं छूता, बल्कि कई पहलू को छूता हुआ गुजरता है, अतः जब हम रिश्ते को विशाल दृष्टि से देखते हैं तो हम किसी भी रिश्ते से निराश नहीं होते बल्कि सदा आशा से भरे रहते हैं।

2- जब तक इंसान हमारे साथ होता है हम जीवन भर उसकी कमी और कमजोरी निकालते रहते हैं, एक बार उसके जीवन से विदा लेते ही हमें महसूस होता है, कि कमी और कमजोरी के साथ ही सही वो इंसान हमारे साथ जरूर रहे, अतः कोशिश लोगों की अच्छाई देखने की होनी चाहिए।

3- दूसरो की खुशी में अपनी ख़ुशी देखना एक बहुत बड़ा हुनर है और जो इंसान ये हुनर सीख जाता है, वो कभी दुखी नहीं होता।

4- पाप का पश्चाताप पाप को खत्म कर देता है। पुण्य का घमंड पुण्य को बर्बाद कर देता है।

5- अपना क्या पराया क्या, मुझे तो बस यही पता है जो भावनाओं को समझे वह अपना।

जो भावनाओं से परे रहे वह पराया। जो दूर रहकर भी पास हो वह अपना।

जो पास रहकर भी दूर रहे वो पराया।

6- एयरपोर्ट  के बाहर लिखा वाक्य बहुत सुन्दर होता है।उड़ान बड़ी चीज है रोज उड़ो पर शाम को नीचे आ जाओ क्योंकि आपकी कामयाबी पर ताली बजाने वाले नीचे रहते हैं।

खुशी देना ही खुशी पाने का सार है।

Mrs. Rajni Seth has a keen interest in reading, writing poetry/articles in Hindi language. She also has great interest in singing old songs, gazals  and bhajans.




JM Kothari&Son Jewellers
Manufacturers,Wholesalers
of Bikaner Polki, Kundan
and Jadau Jewellery
E17 South Extension Part 2
9891166666
jmkjmk2004@gmail.com
follow us on Instagram
@'jmkothari1'

Dil Se Talks..

Kuch Dil Ki Baatein

# ग्लोबल मीट

अद्धभुत और अकल्पनीय!

जी हाँ, यही शब्द सही हैं पहली IKMG ग्लोबल मीट के लिए...मैं राज जी का दिल से आभार प्रकट करती हूं कि आप ने आगरा पर भरोसा करके पहली ग्लोबल मीट आगरा को होस्ट करने का मौका दिया।आगरा चैप्टर इसके लिए आपका आभारी है। ये आगरा के लिए गर्व का मौका रहा।

अलग-अलग स्थानों से आये हुए  IKMG के सदस्यों के स्वागत और सम्मान का जो अवसर हमें प्राप्त हुआ उससे हम सब अभिभूत हो गए। जो सदस्य आये उन सबका भी हार्दिक धन्यवाद करती हूँ।

मीट और ग्रीट के हिसाब से कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा। हर चैप्टर का प्रेजेंटेशन भी हो गया। आत्मीयता और एकता के लिए सबका मिलना बहुत ज़रूरी था। वैसे तो सब कुछ बहुत अच्छा रहा पर आगे के लिए मेरा एक सुझाव है कि यदि कोर फोरम के सदस्य एक रात पहले आएं तो अगले दिन ब्रेकफास्ट और लंच के बीच में कोर कमेटी की बैठक हो सकती है।आगे होने वाली मीट्स के लिए हम इस सुझाव पर विचार कर सकते हैं।

# ग्लोबल मीट

ऐसा नही है कि कार्यक्रम में कोई कमी नही रही हो मगर सबसे बड़ी बात ये रही कि किसी ने भी किसी तरह की शिकायत नही करी। इतना अच्छा माहौल रहा कि ऐसा लगा जैसे परिवार बहुत दिनों बाद मिला हो। सब प्यार से मिले और एक दूसरे को सम्मान दिया।

आप सबकी तारीफों ने भी हमें अभिभूत कर दिया और आप सब के शब्दों ने मन द्रवित कर दिया। मैं पुनीत जी, सविता आंटी , ममता भांबरी, दर्शना जी और मुकुल जी की आभारी हूँ जिन्होंने मुझे उपहारों से नवाज़ा।

रंगारंग कार्यक्रम की भी आप सबने खूब शोभा बढ़ाई।आप लोगों की मेहनत का अंदाज़ा आप के कार्यक्रम को देख कर महसूस हुआ। सबने जिस उत्साह और उल्लास से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई कि ऐसा लगा ही नही कि हम सब पहली बार मिले हों।ऐसा लगा कि हम सब कितने सालों से एक दूसरे को जानते हैं।

मुझे उम्मीद है कि IKMG परिवार और बढ़ेगा और हम एक दूसरे के सहयोग से सामाजिक सरोकारों को पूरा करेंगे और सर्व समाज और मुख्य रूप से अपने खत्री समाज की उन्नति और प्रगति के लिए अवश्य प्रयास करते रहेंगे।

# ग्लोबल मीट

एक सुझाव और है कि हम सब कोशिश करें कि फेस बुक और इंस्टा पर ज्यादा से ज्यादा IkMG की  हर गतिविधि को शेयर करें और सब लोग एक दूसरे की पोस्ट पर कमेंट करें। इससे IKMG के काम और ख़बरें हर समय फेस बुक पर छाई रहेंगी। सोशल मीडिया का पूरा फायदा उठाया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त ये भी कोशिश करें कि नए लोग भी हमारी संस्था से जुड़ें।

एक बार फिर आप सबका हार्दिक धन्यवाद

डॉ शोनू मेहरोत्रा

डायरेक्टर, IKMG



# ग्लोबल मीट

यह ग्लोबल मीट तो एक बहाना था

सभी को एक दूसरे से मिलाना था।

मिलकर लगा ही नहीं अपरिचित हैं

सब एक दूसरे के मित्र हैं।

सभी का सभी को इंतजार था

दिल मिलने के लिए बेकरार था।

मैं तो गदगद  थी अपने मित्रों से मिलकर

जो नहीं आए उनको याद कर।

बड़ों का स्नेह, छोटों का प्यार

यही तो ज़िंदगी है यार।

अलग-अलग स्थान से आकर भी

मिल गए सब एक साथ सभी।

# ग्लोबल मीट

तभी तो कहते हैं धरती गोल है

सबको मिलाने का एक पोल है।

लंदन, यू एस ए, मुंबई, मुरादाबाद

कानपुर, लखीमपुर चाहे हो हैदराबाद।

मोहब्बत की नगरी आगरा में आ मिले खिले सबके दिल,

मिलकर मिले गले।

आराधना, खत्री जाति गान

पंत की कविता, चेहरे की मुस्कान

यूं ही बार-बार मिलते रहें

सभी के सुख-दुख जानते रहें।

श्रीमती नीता कपूर, कानपुर



# ग्लोबल मीट

आदरणीय

Raj ji, Pawan ji, Sonu ji, Chhavi ji, Savita ji, Shashi ji, Dr. Kamal ji, Lakshmi ji एवं सभी अपनों के सम्मान में।

आए थे यहाँ पर सबसे मिलने के लिए, मिलकर देखा तो लगा किससे मिलें, इनसे तो रोज मिलते हैं यह तो परिवार ही है, जहां सारे छोटे, बड़े, बच्चे हमेशा ही मिल मस्तियाँ करते हैं।

वहां ऐसा महसूस हुआ जैसे एक पारिवारिक उत्सव में सब आपस में ठिठोली कर रहे हैं। पवन जी, सोनू जी, Chhavi Ji और समस्त आगरा टीम द्वारा प्रदान किए गए मान-सम्मान एवं सत्कार हेतु हम सबका आभार व्यक्त करते हैं। सुदूर देश से आये श्री राज जी के कृतित्व ने ब्रजभूमि में हमें मिलाया जिसके कारण हम एक साथ वहां कान्हा की नगरी में मिल उल्लास से सराबोर हो सके।

# ग्लोबल मीट

हम सब माला के मोतियों की भांति आभा अपनी दिखाएंगे एवं अपने पूर्ण समर्पण से प्रेम की धारा बहायेंगे। पहले प्रयास में ही हमने जो पाया वह अनुपम है। सतत प्रयास भविष्य में भी इसी प्रकार सफल हों व ऐसे समागम मानवता की मिसाल बने। इन भावनाओं के साथ एक बार पुनः सबका आभार व्यक्त  करते हैं व सबके मंगल की कामना करते हैं।

बहती धारा में बहकर,
हम भी पार लग जाएंगे।
प्यारी सी इस धरती  पर,
IKMG को बुलंदियों पर ले जाएंगे।

श्रीमती किरन बत्रा,
प्रेसिडेंट - झाँसी



Shubbhvivaah.com

Raj Ji,

Thank you so much for your prompt  revert Your Several calls and constant effort to resolve the issue asap which you did today itself  deserves a big round of applause 👏👏 .

It shows your passion & commitment to make http://Shubbhvivaah.com  a global play. I think  all IKMG members in India should shift to http://Shubbhvivaah.com for a nominal fee and create a bigger database to access for their families and friends Wish you all Success  👍👏

Mr. Soin - Kanpur

KITCHEN

Tales

# पालक और मूंग की दाल के भरे कटलेट

## श्रीमती पूनम टंडन द्वारा बनाने की विधि

### सामग्री



7/8 उबले आलू

एक कटोरी मूंग की धुली दाल

एक छोटा चम्मच पिसा हुआ

जीरा

एक छोटा चम्मच पिसी हुई लाल मिर्च

स्वादानुसार नमक व काला नमक

बारीक कटी हुई हरी मिर्च और अदरक

बारीक कटी हुई हरी धनियां

एक कटोरी सूजी व तलने के लिए तेल

## विधि:

सबसे पहले पालक को उबालकर मिक्सी में पीस लें ( बिना पानी डाले )
उबले हुए आलू को घिसकर व ऊपर लिखी सारी सामग्री को डालकर मिश्रण तैयार कर लें।
मूंग की धुली दाल को कूकर में मसाले डालकर कम पानी में छौंक दें।
ठंडा होने पर दाल को निकाल लें व बने हुए मिश्रण की छोटी लोई लेकर उसके अन्दर मूंग दाल के मिश्रण को थोड़ा सा भरकर कटलेट का आकार देकर ऊपर से सूजी को लपेट कर करीब आधा घंटा फ्रिज में रखें।
अब कढ़ाई में तेल गरम करें और उसमें कटलेट डालकर अच्छी तरह तलें
हरी धनियां की चटनी एवं टोमेटो सॉस के साथ गर्मागर्म मेहमान के सामने सर्व करें।

Mrs.  Poonam Tandon resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems in her leisure time.



# लाल मिर्च की चटनी

## श्रीमती अंजुल जलोटा द्वारा बनाने की विधि

### सामग्री

मिर्च -250 ग्राम,

सफेद सिरका- आधा कप

नमक

भुनी पिसी दाना मेथी

भुनी पिसी सौंफ 2-2 चम्मच


हींग व सरसों का तेल



# विधि:

लाल मिर्च को साफ कपड़े से पोंछ कर उसके छोटे टुकड़े कर लें व कांच या चीनी मिट्टी के बर्तन में  रख लें, फिर उसमें सफेद सिरका और नमक डाल कर रात भर छोड़ दें। दूसरे दिन उस मिर्च को मिक्सी में पीस लें, अब एक कढ़ाई में तेल गरम करें , हींग, सौफ, व मेथी डाल कर 1मिनिट चलाये, फिर उसमें पिसा मिर्च का मिश्रण डाल दें व 2-3 मिनिट मिर्च को धीमी आंच पे पका लें, नमक को स्वादानुसार रखें, बस अब लाल मिर्च की चटनी तैयार है। इसे परांठों के साथ या फिर चाइनीज़ में रेड चिली मे प्रयोग करें। (लहसुन पसंद हो तो मिर्च के साथ लहसुन की कलिया साफ कर के भिगो दें और उसे भी मिर्च के साथ पीस लें)

Mrs.  Anjul Jalota resides in Lakhimpur Kheri and enjoys cooking in her leisure time.






**sharadmmehrotra@gmail.com**

**+91 9958363661**

*IKMG reserves the rights for reproduction and distribution of the published content*
*IKMG does not support plagiarism and any such act is the sole responsibility of the writer*

*Printer & Publisher: IKMG Ltd.*
*Editor: Mr. Sharad Mehrotra*
*Proof Reading: Mr. Manoj Puri*